दिल से दिल्ली

सर गंगाराम अस्पताल और धर्मवीर

सर गंगाराम मूल रूप से सिविल इंजीनियर और दानवीर थे। उन्होंने लाहौर की अनेक इमारतों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल की स्थापना में पूर्व आईसीएस अफसर धर्मवीर (1906-2000) का विजन और मेहनत भी थी। वह सर गंगाराम के दामाद थे। वह पश्चिम बंगाल, पंजाब और हरियाणा के राज्यपाल भी रहे। उनका विवाह सर गंगाराम की पुत्री दयावती गंगाराम से हुआ था। उनकी अपनी बहन सुमित्रा का विवाह डीसीएम उद्योग समूह के चेयरमैन लाला भरत राम से हुआ था। सुमित्रा चरतराम ने दिल्ली में श्रीराम सेंटर की स्थापना की थी। कहते हैं कि दिल्ली गोल्फ कोर्स के विकास में भी धर्मवीर का खास योगदान रहा। इधर उन्होंने कभी हरियाली पर कोई आंच खड़ा नहीं होने दिया। सर गंगा राम अस्पताल में उनके नाम पर ही धर्मवीर हार्ट सेंटर है। उनका परिवार साउथ दिल्ली के शांति निकेतन में रहता है।

धर्मवीर

सर गंगाराम, दिल्ली और लाहौर ▸▸ पेज 7

देखें हमारी वेबसाइट nbtdilsedilli.com

ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट का पहला रविवार, पहुंचे 311 लोग

सबसे ज्यादा टेस्ट सूरजमल विहार और रोहिणी जोनल ऑफिस में, 413 आवेदन आए

Bhupender.Sharma
@timesgroup.com

दिल्ली सरकार ने लाइसेंस के लिए वेटिंग को कम करने के मकसद के साथ यह नया प्रयोग शुरू किया है

■ नई दिल्ली: दिल्ली के सभी 13 परिवहन जोनल ऑफिसों में संडे के दिन ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट शुरू हो गए हैं। दिल्ली सरकार ने लाइसेंस के लिए वेटिंग को कम करने के मकसद के साथ यह प्रयोग शुरू किया है और पहले संडे को सभी जोनल ऑफिसों में टेस्ट के लिए 413 आवेदन आए और 311 लोग टेस्ट देने के लिए पहुंचे। संडे को टेस्ट का फैसला बीते शुक्रवार को ही हुआ था और शनिवार को बुकिंग का ऑप्शन शुरू किया गया।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का कहना है कि दिल्ली सरकार ने छुट्टी के दिन ड्राइविंग टेस्ट का विकल्प लोगों को दिया है ताकि वे अपनी सुविधा के मुताबिक संडे के दिन भी टेस्ट के लिए आ सकें। इस फैसले के बाद लाइसेंस के लिए वेटिंग भी कम होगी और लोगों को जल्द लाइसेंस मिल सकेंगे। सरकार के इस नये प्रयोग के बारे में धीरे-धीरे लोगों को जानकारी मिल रही है और पहले संडे को भी बहुत अच्छा रिस्पांस रहा है। गहलोत ने कहा कि अगले संडे को ज्यादा लोग टेस्ट के लिए आएंगे क्योंकि अगले संडे को टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन अब बढ़ रहे हैं।

दिल्ली में 13 जोनल ऑफिस हैं। किसी जोनल ऑफिस में हर रोज 75 से लेकर 150 तक कैंडिडेट को बुलाया जाता है। औसत देखें तो हर रोज एक जोनल ऑफिस में करीब 100 लोगों को टेस्ट के लिए बुलाया जाता है। पहले संडे के लिए 413 बुकिंग हुई और 311 लोगों ने टेस्ट दिया। सबसे ज्यादा टेस्ट सूरजमल ऑफिस और रोहिणी जोनल ऑफिस में हुए। सबसे ज्यादा आवेदन भी इन दोनों अथॉरिटी के लिए ही आए थे। सूरजमल जोनल ऑफिस में 60, रोहिणी में 50, साउथ जोन में 33, वजीरपुर में 31, द्वारका में 25, लोनी में 24, मयूर विहार में 22, जनकपुरी में 18, बसंत विहार में 18 लोगों ने टेस्ट दिए।

वहीं माल रोड में 13, सेंट्रल जोन में 8, राजा गार्डन में 7 और आईपी डिपो जोनल ऑफिस में सबसे कम 2 लोगों ने संडे को टेस्ट दिया। ये सभी 13 जोनल एमएलओ ऑफिस संडे के दिन खुलेंगे और संडे के दिन केवल ड्राइविंग टेस्ट ही होगा। संडे के लिए परिवहन विभाग की बाकी सर्विसेज के लिए बुकिंग नहीं होगी।

नई पहल...

- संडे को टेस्ट के बारे में पहले दिन लोगों को कम थी जानकारी, अगले हफ्ते के लिए तेजी से हो रही है बुकिंग
- 13 जोनल ऑफिस हैं और हर जोनल ऑफिस में एक दिन में औसतन 100 तक लोगों को टेस्ट के लिए बुलाया जाता है
- संडे को टेस्ट का फैसला बीते शुक्रवार को ही हुआ था और शनिवार को बुकिंग का ऑप्शन शुरू किया गया

उत्सव में 12 साल तक के बच्चों की एंट्री फ्री थी

पर्यटन उद्यान उत्सव में 45 हजार से ज्यादा लोग आए

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली : दिल्ली पर्यटन द्वारा आयोजित 34वें पर्यटन उद्यान उत्सव का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली पर्यटन के महाप्रबंधक रवि दधीच ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए। तीन सप्ताह तक चले इस उत्सव में 45 हजार पर्यटक आए। 12 वर्ष तक के बच्चों की एंट्री फ्री थी। 45 हजार पर्यटकों में ये शामिल नहीं हैं। पिछले साल 11 हजार और वर्ष 2019 में 14 हजार लोग आए थे। इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों ने आनंद लिया।

बन रहा है 155 मीटर लंबा हॉल्टिंग प्लैटफॉर्म, यहां रुकेंगी मेट्रो ट्रेनें

पंजाबी बाग में इंटरचेंज कर सकेंगे ग्रीन और पिंक लाइन के यात्री !

Prashant.Soni@timesgroup.com

■ नई दिल्ली : मेट्रो की जिन लाइनों पर अभी भी उम्मीद से कम पैसेंजर मिल रहे हैं, उन पर यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए डीएमआरसी कुछ नए कदम उठा रही है। इसके तहत लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुधारने के लिए नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के अलावा मेट्रो की अलग-अलग लाइनों को आपस में कनेक्ट करने की योजना पर भी काम चल रहा है, ताकि लाइनों का अधिकतम यूटिलाइजेशन हो सके और यात्रियों की तादाद में भी इजाफा हो। इसी के तहत डीएमआरसी पंजाबी बाग के पास मेट्रो नेटवर्क का अपनी तरह का पहला और अनूठा हॉल्टिंग प्लैटफॉर्म बना रही है, जिसके जरिए मेट्रो की ग्रीन और पिंक लाइनों को आपस में कनेक्ट किया जाएगा। इस प्लैटफॉर्म पर ट्रेनें तो रुकेंगी, लेकिन टिकटिंग की सुविधा नहीं होगी।

इसके जरिए यात्री केवल पिंक और ग्रीन लाइन की मेट्रो के बीच इंटरचेंज कर सकेंगे। डीएमआरसी को उम्मीद है कि इससे इन दोनों ही लाइनों पर यात्रियों की तादाद में इजाफा होगा। इस इंटरचेंज प्लैटफॉर्म को बनाने की प्लानिंग तो 2019 में ही बन चुकी थी और पिछले साल की शुरुआत में इसके लिए टेंडर प्रोसेस भी शुरू कर दी गई थी, लेकिन कोरोना की वजह से काम थोड़ी देरी से शुरू हो पाया। मगर अब इंटरचेंज प्लैटफॉर्म बनाने का काम तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि अगले साल यह पूरा हो जाएगा, जिसके मेट्रो के यात्रियों को एक और नई इंटरचेंज फैसिलिटी मिल जाएगी।

पंजाबी बाग के पास इस अनूठे हॉल्टिंग प्लैटफॉर्म बनाने का काम तेजी से चल रहा है, डीएमआरसी को उम्मीद है कि इससे इन दोनों ही लाइनों पर यात्रियों की तादाद में इजाफा होगा।

नया प्रोजेक्ट...

- जिन लाइनों पर हैं कम यात्री वहां कुछ नए कदम उठा रही है मेट्रो
- इसी के तहत पिंक और ग्रीन लाइन के बीच नया इंटरचेंज बन रहा है
- मेट्रो को उम्मीद है इसके बनने के बाद दोनों ही लाइनों पर यात्री बढ़ेंगे
- प्लैटफॉर्म पर ट्रेनें तो रुकेंगी, लेकिन टिकटिंग की नहीं होगी

FOB के जरिए जुड़ेंगे दोनों प्लैटफॉर्म

अधिकारियों ने बताया कि इंटरचेंज प्लैटफॉर्म पर टिकटिंग की कोई सुविधा नहीं होगी। यात्री केवल ग्रीन लाइन और पिंक लाइन के बीच इंटरचेंज करने के लिए ही यहां उतर सकेंगे। दोनों लाइनों के प्लेटफॉर्मों को 230 मीटर लंबे एक फुट ओवरब्रिज के जरिए आपस में कनेक्ट किया जाएगा। यह फुट ओवरब्रिज पिंक लाइन के पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से सीधे कनेक्ट होगा। वहीं हॉल्टिंग प्लेटफॉर्म की लंबाई करीब 155 मीटर होगी। यह सीढ़ियों के अलावा दो एस्केलेटर्स लिफ्टों के जरिए भी फुट ओवरब्रिज से सीधे जुड़ा होगा। इन लिफ्टों में एक बार में एक साथ 26 यात्री सवार हो सकेंगे।

बाहरी दिल्ली के इलाके भी जुड़ सकेंगे

इस नई सुविधा के बन जाने से बहादुरगढ़ समेत बाहरी दिल्ली के टीकरी, मुंडका, नांगलोई, पीरागढ़ी जैसे इलाकों में रहने या काम करने वाले लोग आसानी से 59 किमी लंबे मजलिस पार्क-शिव विहार मेट्रो कॉरिडोर पर आ-जा सकेंगे। इससे दोनों लाइनों पर राइडरशिप में भी इजाफा होगा। डीएमआरसी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल के मुताबिक, इंटरचेंज प्लेटफॉर्म के फाउंडेशन बनाने का काम पूरा हो चुका है और अब उस पर स्ट्रक्चर और सुपरस्ट्रक्चर खड़ा करने का काम चल रहा है। अगले साल तक यह स्ट्रक्चर तैयार हो जाएगा, जिसके बाद पिंक और ग्रीन लाइन के बीच इंटरचेंज कर सकेंगे।

क्रॉस करती हैं दोनों लाइनें, पर अभी इंटरचेंज नहीं है

दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि आउटर रिंग रोड पर पंजाबी बाग फ्लाईओवर के नजदीक मेट्रो की पिंक और ग्रीन लाइन एक-दूसरे को क्रॉस करती हुई निकलती हैं, लेकिन अभी इन दोनों लाइनों के बीच इंटरचेंज की कोई सुविधा नहीं थी। इसी को देखते हुए अब एक इंटरचेंज ग्रीन लाइन के पंजाबी बाग और पिंक लाइन के पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन के बीच तैयार किया जा रहा है। इसके लिए इन दोनों लाइनों पर एक हॉल्टिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है, जहां पर ट्रेन से उतरकर लोग इन दोनों के बीच इंटरचेंज कर सकेंगे। एक लाइन से दूसरी लाइन के प्लेटफॉर्म तक आने-जाने के लिए स्टील का डेक तैयार किया जा रहा है, जो आउटर रिंग रोड पर पंजाबी बाग के गोल चक्कर के ठीक ऊपर बनेगा। साथ ही ग्रीन लाइन के वायाडक्ट में भी थोड़ा बदलाव किया जा रहा है।

> एक लाइन से दूसरी लाइन के प्लैटफॉर्म के लिए स्टील का डेक बनेगा

बंगाल चुनाव में सब यही कह रहे हैं- 'खेला होबे'
हर चुनाव में कुछ नारे जुबान पर चढ़ जाते हैं। इस बार सबसे हिट है- 'खेला होबे', यानी खेल होगा। सभी इसका अपने-अपने ढंग से इस्तेमाल कर रहे हैं
आजकल
जानने के लिए पढ़ें हिंदी की सर्वश्रेष्ठ इंफोटेनमेंट सर्विस नवभारत गोल्ड की खास सीरीज आजकल
नवभारतGOLD
विश्व की सर्वश्रेष्ठ हिंदी इंफोटेनमेंट सर्विस
www.navbharatgold.com
इस पॉडकास्ट को सुनने के लिए लॉग-इन करें व QR कोड स्कैन करें
आज ही लॉग इन करें और एक्टिवेट करें 15 दिन की फ्री अनलिमिटेड सर्विस।
'लॉग इन' टैब या तीन लाइनों वाले मेन्यू पर क्लिक करें। अपने मोबाइल नंबर, ईमेल या फेसबुक अकाउंट के साथ पूरी करें लॉग इन की प्रक्रिया और पाएं आकर्षक टाइम्स रिवॉर्ड पॉइंट्स।

फेसबुक वाले 'पुलिस इंस्पेक्टर' के खिलाफ हुई शिकायत दर्ज

दिल्ली पुलिस के एक SI ने जताया उसके असली होने पर शक

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर एक शख्स के दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि दिल्ली पुलिस की वर्दी पहने वह शख्स कई अफसरों के नाम लेकर खुद को उनका बैचमेट बताता है। दिल्ली पुलिसकर्मियों का लंबे समय से फेसबुक फ्रेंड बना रहा। किसी को कुछ नहीं पता था कि वह कहां पर तैनात है। क्योंकि अक्सर वह पुलिस की वर्दी में तस्वीरें पोस्ट करता रहा, इसलिए किसी ने उसे वैरिफाई करने की कोशिश भी नहीं की। अब विकासपुरी थाने के एक सब इंस्पेक्टर ने इसी शख्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस की साइबर सेल में शिकायत दी। उससे जुड़े कुछ साक्ष्य सौंपे हैं। जिसमें उसकी भूमिका पर सवाल खड़े किए गए हैं। वह खुद को एसआई से इंस्पेक्टर प्रमोट होने का दावा भी करता था। दावा किया जा रहा है कई बार इसे पुलिस की वर्दी में कड़कड़डूमा कोर्ट और अरेंजमेंट ड्यूटी के दरम्यान भी देखा गया है। इंस्पेक्टर की वर्दी पहने इस शख्स के पास एक फोटो में सर्विस रिवॉल्वर भी देखी गई है। इन सबको लेकर ठगी और सुरक्षा को लेकर बड़े खतरे का अंदेशा जताया है।

> वर्दी पहने वह शख्स कई अफसरों के नाम लेकर खुद को उनका बैचमेट बताता है

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, विकासपुरी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर संदीप मलिक ने अपनी कंप्लेंट में बताया है कि 10 मार्च को उसके पास एक साथी बैचमेट का इस शख्स को लेकर मैसेज आया था। पुलिस की वर्दी में इस शख्स को देख उसे याद आया कि वह तो सोशल मीडिया पर उसका भी फ्रेंड है। लेकिन बैच के सभी पुलिसकर्मियों को उसकी भूमिका पर संदेह था कि वह दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर है। इसकी सच्चाई जानने के लिए फेसबुक पर उसकी फोटो गैलरी देखी। जिसमें एक बाइक का नंबर मिल गया। इसके बाद उसका फोन नंबर भी ढूंढ लिया गया। उस पर कॉल किया गया, जहां एक शख्स ने फोन उठाया।

RENTED PROP. FOR SALE
Rented to TOP BRANDS
Prime Location, Freehold
Rent 99,600 @ Rs 1.65 Cr
Rent 1,36,000 @ Rs 2.30 Cr
6 years Lock-in, 30 years Lease
Security 3 months, Zero Maintenance
Contact: 8088113333

जालिमलोशन®
Fastest > Trusted > Tested
...पीढ़ियों से
दाद, खाज, खुजली से तुरंत आराम
Retailers may also buy online: www.zalimlotion.in | Also Available on: amazon
ANIL PUB.

डीएसआईडीसी का अफसर बताकर ₹8 करोड़ ठगे, दो गिरफ्तार

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

डीएसआईआईडीसी का अफसर बनकर प्रॉपर्टी के नाम पर ठगी करने वाले दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के देहरादून निवासी विक्रम सक्सेना और यूपी के सहारनपुर निवासी मिथुन भटनागर के तौर पर हुई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

ईओडब्ल्यू के डीसीपी मोहम्मद अली के मुताबिक, आजादपुर के केवल पार्क निवासी नरेश जिंदल व चौदह लोगों ने इस मामले में शिकायत दी थी। कंप्लेंट में बताया दिया कि उन्होंने साल 1996 में इंडस्ट्रियल प्लॉट के लिए डीएसआईआईडीसी में दो एलोकेशन स्कीम के तहत अप्लाई किया था, लेकिन संबंधित एजेंसी ने उनके आवेदन को नामंजूर कर दिया। साल 2016 में आरोपी विक्रम सक्सेना और अजय सक्सेना उनसे मिले, जिन्होंने खुद को डीएसआईडीआईडीसी का ऑफिसर बताया। भरोसा दिलाने के लिए अपने आईकार्ड भी दिखाए। साथ ही, वे असली फॉर्म भी पेश किए जिन्हें इस एजेंसी ने कैंसल कर दिया था। इन्होंने प्लॉट दिलाने का लालच दिया, जिसके बदले अतिरिक्त खर्च आने की बात कही। वह लोग इनके झांसे में आ गए। इन्होंने आरोपियों को सात लाख रुपये दे दिए, लेकिन प्लॉट फिर भी नहीं मिल सका। इसके बाद अन्य लोगों ने भी उन्हें रुपये दिए। ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

> लोगों को ठगने के लिए देव सेवा इनकम डिवेलपमेंट कंपनी (डीएसआईडीसी) के नाम से बैंक में अकाउंट खोला

पूछताछ में पता चला विक्रम सक्सेना दिल्ली स्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसआईआईडीसी) में बतौर एजेंट काम करता था। वह लोगों के फाइल वर्क को पूरा करने में उनकी मदद करता था। उसे पता था साल 1996 में इस एजेंसी ने पटपड़गंज में एक स्कीम के तहत प्लॉट के लिए आवेदन मांगे थे।

उस वक्त इस एजेंसी का नाम डीएसआईडीसी था। ऐसे में लोगों को ठगने के लिए उसने देव सेवा इनकम डिवेलपमेंट कंपनी (डीएसआईडीसी) के नाम से राजौरी गार्डन स्थित एक बैंक में अकाउंट खोला। उनके पास कैंसल किए गए लोगों के नाम और पते की पूरी लिस्ट थी, जो उन्हें संबंधित विभाग की वेबसाइट से मिल गई थी। इसके बाद वह अपने भाई अजय सक्सेना और रिश्तेदार मिथुन भटनागर के संग मिलकर लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए उनसे संपर्क करने लगे।

Reliance Industries Limited
Registered and Corporate Office: 3rd Floor, Maker Chambers IV, 222, Nariman Point, Mumbai 400 021
Telephone: +91 (22) 3555 5000 • Facsimile: +91 (22) 2204 2268
Contact Persons: Shri K. Sethuraman, Group Company Secretary and Chief Compliance Officer
and Smt. Savithri Parekh, Joint Company Secretary and Compliance Officer
E-mail: investor.relations@ril.com • Website: www.ril.com • Corporate Identity Number: L17110MH1973PLC019786

FOR THE IMMEDIATE ATTENTION OF SHAREHOLDERS WHOSE RIGHTS EQUITY SHARES (ALLOTTED IN JUNE 2020) ARE LYING IN "RIL RIGHTS ALLOTMENT DEMAT SUSPENSE ACCOUNT"

FINAL REMINDER

1) In terms of the Rights Issue of equity shares of the Company, vide Letter of Offer dated May 15, 2020 ("LOF"), the Rights Equity Shares allotted to the shareholders who could not intimate their demat account details to the Company till the Date of Allotment of the shares, were kept in a separate demat account titled "RIL RIGHTS ALLOTMENT DEMAT SUSPENSE ACCOUNT".

2) Such shareholders were required to send, within six (6) months from the Allotment Date of the shares, i.e., on or before December 10, 2020, a communication to Company / KFin Technologies Private Limited, Registrar to the Rights Issue ("KFinTech"), containing the name(s), Indian address, e-mail address, contact details and details of their demat accounts along with copy of self-attested PAN and self-attested client master sheet either by post, speed post, courier, electronic mail or hand delivery, for transfer of the Rights Equity Shares allotted to them to their respective demat accounts.

3) In the interest of such shareholders and considering the difficulties faced due to the continuing COVID-19 pandemic, the Company had granted one-time extension up to March 31, 2021 to such shareholders to submit their demat account details.

4) In this regard, the Company had published an advertisement in this newspaper on December 12, 2020, besides intimating the concerned shareholders separately by emails/physical letters, for taking appropriate steps.

5) We observe that some shareholders have still not provided the requisite demat account details as well as the other documents as mentioned above. SUCH SHAREHOLDERS ARE REQUESTED TO NOTE THAT in case the above details, complete in all respects, are not received on or before March 31, 2021, such Rights Equity Shares lying to the credit of the "RIL RIGHTS ALLOTMENT DEMAT SUSPENSE ACCOUNT" shall be sold, as provided in the LOF, on the floor of the stock exchanges and proceeds thereof net of brokerage, applicable taxes, administrative and other incidental charges remitted to the relevant shareholders.

The Company requests such shareholders to provide the requisite details immediately.

Note: For more details, please refer to (i) the LOF, including "Terms of the Issue - Credit and Transfer of Rights Equity Shares in case of Shareholders holding Equity Shares in Physical Form and disposal of Rights Equity Shares for non-receipt of demat account details in a timely manner" on page 302 of the LOF and (ii) advertisement published in this newspaper on December 12, 2020.

Shareholders may write to the Registrar to the Rights Issue at ril.rights@kfintech.com and to the Company at investor.relations@ril.com for any further assistance / clarification in this matter / submission of requisite details.

For Reliance Industries Limited
Sd/-
K. Sethuraman
Group Company Secretary and
Chief Compliance Officer

Place : Mumbai
Date : March 12, 2021



WIN THE FUTURE
GET YOURSELF
THE EDGE OF OUR MBA
AICTE APPROVED
MBA
Amongst the Top 5 Private Business Schools of India as per Times B-School Survey.
UGC grants 12 B status in affirmation to its strong focus in Research & Development.
Rated QS 5-Star for Teaching, Employability, Academic Development, Facilities, Social Responsibility and Inclusiveness.
www.manavrachna.edu.in
PROGRAMMES OFFERED
MBA WITH DUAL SPECIALIZATION:
Finance, Marketing, Human Resource & Organizational Behavior, International Business, Management Information Systems, Entrepreneurship & Small Business Management, Business Analytics, Event & Media, Operations Management, Banking and Insurance Management, Aviation Management, Waste Management, Healthcare Management.
MBA IN INNOVATION, ENTREPRENEURSHIP AND VENTURE DEVELOPMENT (IEV)
INDUSTRY AFFILIATIONS
NHRDN, FICCI, AIMA, ASSOCHAM, FSIA, MSME
APPLY NOW WITH
CAT/MAT/CMAT/ATMA SCORE
UP TO
100% SCHOLARSHIP
FOR ENQUIRIES CONTACT
0129-4259000
KEY RECRUITERS
EY Jio ERICSSON fortis paytm JWT GROFERS BYJU'S Indiabulls OYO RBS
MANAV RACHNA
MANAV RACHNA INTERNATIONAL
INSTITUTE OF RESEARCH AND STUDIES
'Deemed-to-be-University' under section 3 of the UGC act, 1956
NAAC ACCREDITED 'A' GRADE INSTITUTION
MRIIRS Campus: Sector-43, Delhi-Surajkund Road, Faridabad.
DELHI: 1007, 10th floor, KLJ Tower (North), NSP, Pitampura, New Delhi. Ph.: 011-44110500, 09910244484